**दीनदयाल उपाध्याय**
**गोरखपुर विश्वविद्यालय**
**गोरखपुर–273009**

(Accredited A++ by NAAC)

**Deen Dayal Upadhyaya**
**Gorakhpur University,**
**Gorakhpur-273009**

**पत्रांक : सम्बद्धता / 2025 / 09 / 7236** **दिनांक : 10 / 09 / 2025.**

**<u>आवश्यक / महत्वपूर्ण</u>**

सेवा में,

प्राचार्य / प्रबन्धक,
**समस्त** सम्बद्ध महाविद्यालय
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर।

**विषयः अग्निशमन सेवा का अनापत्ति प्रमाण पत्र आनलाइन व्यवस्था के अन्तर्गत उपलब्ध कराने के संबंध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया, पुलिस महानिदेशक, फायर सर्विस उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र संख्या एफएस–1502–2017 दिनांक 05.11.2018 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके अनुसार अग्नि सेवा का अनापत्ति प्रमाण पत्र के संबंध में प्रमुख सचिव गृह उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के पत्र संख्या 1992 / छः–पु0–8–2018–801(64) / 2017 टी0सी0 दिनांक 01.11.2018 द्वारा अग्नि सेवा का अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने हेतु आनलाइन व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के संबंध में है, जिसके क्रम में अग्नि सेवा संबंधी कोई भी अनापत्ति प्रमाण पत्र मैनुअल जारी नहीं किया जायेगा।

अतः मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार आपसे अपेक्षा की जाती है कि शासनादेश के अनुसार महाविद्यालय को **आनलाइन निर्गत अग्निशमन सेवा का अनापत्ति प्रमाण पत्र** तीन दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(डी0के0 श्रीवास्तव)
कुलसचिव

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1– समन्वयक, आई0टी0सी0 सेल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं समस्त महाविद्यालयों की लॉगइन में प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
2– प्रभारी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
3– वैय0 सहायक कुलसचिव।

(सी0के0 धीमान)
उपकुलसचिव